BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication: HARI BHOOMI

Date: 05/09/2024 Page: 15 Column: 02

Subject: बीएमयू में अंतरराष्ट्रीय फिजियोथैरेपी फेस्टिवल का हुआ कार्यक्रम

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी फेस्टिवल का हुआ कार्यक्रम

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी फेस्टिवल कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए प्रोफेसर एस. सी. गक्खड़।

- **अनुसंधान प्रश्नावली विधि पर दिए गए व्याख्यान छात्रों और पेशेवरों के बीच ज्ञान की गहराई को बढ़ाते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी फेस्टिवल के दूसरे दिन फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फिजियोथेरेपी क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों और गतिविधियों को सामने लाना और विद्यार्थियों व पेशेवरों के बीच ज्ञान व अनुभवों का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता, प्रोफेसर एससी गक्खड़ ने कहा कि अनुसंधान प्रश्नावली विधि पर दिए गए व्याख्यान छात्रों और पेशेवरों के बीच ज्ञान की गहराई को बढ़ाते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं कि वे अपने क्षेत्र में नवीनतम विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। इस कार्यक्रम में शारीरिक और मानसिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. सोनिया, डॉ. प्रीति, डॉ. नवदीप, और डॉ. सिद्धांत भी कार्यक्रम में उपस्थिति थे। डीन छात्र कल्याण डॉ. सुधीर मलिक ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को बधाई देते हुए ऐसे आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में आत्मविश्वास और टीम भावना को विकसित करने में सहायक होती हैं, जो उनके व्यावसायिक जीवन में उपयोगी साबित होती हैं।

फिजियोथेरेपी की दी जानकारी

डॉ. विनय जगा, डीन फिजियोथैरेपी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम फिजियोथेरेपी के छात्रों को शारीरिक शिक्षा के साथ-साथ मानसिक और सामूहिक विकास के भी अवसर प्रदान करते हैं। अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और गतिविधियों के सुचारू संचालन में अपना योगदान दिया। इस प्रकार के आयोजन छात्रों के लिए प्रेरणादायक और उनके कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, जो उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।